महत्वपूर्ण/विशेष ध्यानाकर्षण/ई–मेल

प्रेषक,

सचिव
प्राविधिक शिक्षा परिषद
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थाएँ।

संख्या : प्राशिप/अनु03/पुनर्मूल्यांकन दिस0 2024/1289 **लखनऊ : दिनांक** 21/03/**2025**

विषयः– विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर 2024 के पुनर्मूल्यांकन परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर 2024 के परीक्षा परिणाम की घोषणा के उपरांत कतिपय विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं में परीक्षक द्वारा प्रदान किये गये अंकों से असंतुष्ट छात्र/छात्राओं की उत्तरपुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन कराने हेतु दिनांक 24.02.2025 से 28.02.2025 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

अवगत हों कि विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर 2024 का पुनर्मूल्यांकन परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने के सम्बन्ध में दिनांक 18.03.2025 को निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर की अध्यक्षता में परीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। समिति द्वारा पुनर्मूल्यांकन परीक्षा परिणाम का विशलेषण करते हुए विशलेषणोपरान्त सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त करने की सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गयी।

प्राप्त संस्तुति के अनुक्रम में अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश लखनऊ/अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ से अनुमोदनोपरान्त विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर 2024 के पुर्नमूल्यांकन परीक्षा परिणाम आज दिनांक 21/03/2025 को घोषित कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम देखने हेतु परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर RESULT नामक लिंक उपलब्ध है। छात्र/छात्राएँ परीक्षा परिणाम पंजीकरण संख्या (Enrollment N0.) एवं जन्मतिथि की सहायता से देख सकते हैं। अतः आपसे अपेक्षा है कि अपने स्तर से छात्र/छात्राओं को उपरोक्तानुसार सूचित करने का कष्ट करें तथा उक्त सूचना संस्था के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

पृ0 सं0 : प्राशिप/अनु03/पुनर्मूल्यांकन दिस0 2024/1290–94 **तद् दिनांक** 21/03/**2025**

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवगतार्थ सादर प्रेषित।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र को इस आशय के साथ कि उपरोक्तानुसार अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग को इस निर्देश के साथ कि विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर 2024 के पुनर्मूल्यांकन के परिणाम हेतु परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर लिंक प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।